卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 327 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦4 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## हादसों में दो की मौत, दो गंभीर

देहरादून (उद संवाददाता)। डोईवाला बाईपास पर स्विफ्ट कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गयी। वहीं बायपास रोड पर एक बेकाबू स्विफ्ट कार ने बुजुर्ग दुकानदार को बुरी तरह टक्कर मारते हुए रोड का डिवाइड तोड़कर कार जमावड़ा लग गया। इसके बाद पुलिस को सूचना देने के साथ ही 108 मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को किसी तरह सिनर्जी



विकास नगर में सेब से भरा पिकप वाहन पलटने से एक की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर घायल हैं। जानकारी के अनुसार देर शाम दूधली डोईवाला सुसवा नदी में डाल दी। हादसे में बुजुर्ग की दोनों टांगे बुरी तरह टूट गई और उनके सिर में भी गहरी चोट आई थीं। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों का अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह मिली जानकारी के अनुसार देर रात करीब 2:30 बजे बुजुर्ग ने अपने प्राण अस्पताल में त्याग दिए। वहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

## कुमांऊ का लाल जम्मू कश्मीर में शहीद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में तैनात भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया है। शहीद जवान की पहचान दीपक पाण्डेय के रूप



में हुई है। शहीद जवान उत्तराखंड के नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर क्षेत्र के निवासी थे। जवान की शहादत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनसर नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर क्षेत्र के मल्ला गहना सुपाकोट निवासी दीपक पाण्डेय जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में शहीद हुए हैं। वह वर्ष 2017 में भारतीय सेना की कुमाऊं रेजिमेंट की बंगाल इंजीनियरिंग में भर्ती हुए थे। रविवार को सेना के अधिकारियों की ओर से शहीद दीपक के परिजनों को उनकी शहादत की जानकारी दी गई। बताया कि वह हादसे में ड्यूटी के दौरान दीपक शहीद हुए हैं। शहीद दीपक अपने पीछे माता-पिता एवं छोटी बहन तथा बड़े भाई समेत पूरे परिवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## भूमिधरी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे किसान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजपुर में धरनारत किसानों के समर्थन में आज तराई किसान संगठन के बैनर तले संयुक्त किसान मोर्चा तथा संयुक्त श्रमिक मोर्चा के भारी



संख्या में किसानों व श्रमिकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। उनका कहना है कि जनपद उधम सिंह नगर के 20 गावं की 58 38 एकड़ भूमि से सरकार द्वारा भूमि धरी के अधिकार छीन लिए गये हैं। विगत तीन वर्षों से हजारो परिवारों ने सरकार से लगातार अनुरोध किया लेकिन कोई हल ना निकलने के कारण बाजपुर तहसील परिसर में पिछले 30 दिन से लगातार -भूमि बचाओं सत्याग्रह चल रहा है। लेकिन सरकार द्वारा अभी (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'बागेश्वर' बदलेगा उत्तराखंड के 'उपचुनावों की रवायत'?

### उपचुनाव में थमा चुनावी शोर,कांग्रेस की सक्षम चुनौती के बावजूद लाभ की स्थिति में भाजपा

■ **अर्श**

बागेश्वर। विधानसभा उपचुनाव में वैसे तो पांच प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला सत्ताधारी दल भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के बीच में ही है।आरक्षित श्रेणी की विधानसभा सीट बागेश्वर के इस उपचुनाव में भाजपा, जहां पूर्व मंत्री चंदन रामदास की पत्नी पार्वती दास को अपना उम्मीदवार बनाकर,सहानुभूति वोटो के सहारे चुनावी नैया पार लगाने की कोशिश में है ,वहीं कांग्रेस गत विधानसभा चुनाव में बागेश्वर से आम आदमी पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़



चुके बसंत कुमार को गोद लेकर ,उत्तराखंड के विधानसभा उपचुनाव की दशकों से चली आ रही रवायत को बदलने की फिराक में है। बताना होगा कि उत्तराखंड निर्माण के बाद से राज्य में आज तक 14 उपचुनाव हुए हैं जिसमें से तेरह बार सत्ता पक्ष के प्रत्याशी को विजय मिली है और केवल एक बार विपक्ष अर्थात उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी को जीत नसीब हुई है। इस लिहाज से बागेश्वर उपचुनाव में आंकड़ों का समीकरण सत्ताधारी दल भाजपा के पक्ष में है।इसके अलावा सत्ताधारी दल को सहानुभूति वोटो का लाभ मिलने की भी पूरी संभावना है। भाजपा प्रत्याशी के महिला होने के कारण महिलाओं का ध्रुवीकरण भी उसके पक्ष में हो सकता है और अगर ऐसा हुआ तो भाजपा बागेश्वर उपचुनाव में भारी अंतर से जीत दर्ज कर सकती है। वैसे भी उपचुनाव में अमूमन मतदाता सत्ता पक्ष के साथ ही खड़ा रहना पसंद (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी के जेवरात सहित महिला गिरफ्तार

### घर की नौकरानी ने ही जेवरातों पर हाथ साफ



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस स्वीसडेल कालोनी में लाखों रूपये के जेवरात चोरी के मामले का 24 घंटे में खुलासा करते हुए पुलिस ने एक महिला को चोरी के जेवरात सहित गिरफ्तार कर लिया। चोरी की वारदात को घर की नौकरानी ने ही अंजाम दिया था। जानकारी देते हुए कोतवाल विक्रम राठौड़ ने बताया कि अज्ञात स्वीसडेल कालोनी स्थित घर से लाखों रूपये कीमत के जेवर चोरी कर हो गये थे । गृह स्वामिनी रूचि पाण्डेय पत्नी पंकज निवासी स्वीसडेल कालोनी ने मामले की रपट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि 2 सितम्बर की रात्रि कुछ अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने व चाँदी आभूषण चोरी कर लिऐ गये है। उसका कहना था कि चोरी किये गये गहनों में एक जोड़ी सोने के झुमके, एक जोड़ी कान की बाली, एक सोने की चेन , एक चाँदी की चेन शामिल है। कोतवाल ने बताया पुलिस ने घटना की रपट (शेष पृष्ठ सात पर)

## अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत

### मजदूर पर गिरा पेड़, एक ने लगाई फांसी, फैक्ट्री में भी हादसा

काशीपुर(उद संवाददाता)। अलग-अलग स्थान पर घटित हादसों की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करने के के बाद उसे परिजनों की सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक रामनगर वन कोतवाली जसपुर निवासी आदेश कुमार 36 वर्ष पुत्र लीला सिंह मजदूरी किया करता है।



बताया जा रहा है कि आज सुबह वह अजीरो फॉर्म होते हुए मजदूरी करने के लिए जा रहा था इसी दौरान अचानक लिपस्टिक का भारी भरकम पेड़ मजदूर पर गिर पड़ा। घटना की घटते ही उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई। इस दौरान घायल मजदूर को जब तक उपचार के लिए जसपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया जाता घायल युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक के एक पुत्र व दो पुत्रियां है। इसी तरह एक अन्य मामले में सूर्य रोशनी के पीवीसी पाइप में काम करने वाले कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ग्राम बानावाला, टांडा तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी कार्मेंद्र सिंह 36 वर्ष पुत्र मेहर सिंह यहां मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या रोशनी में पिछले कुछ समय से कार्यरत है। बताया जा रहा है कि गत (शेष पृष्ठ सात पर)

ੴ ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ।
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ।੧। ੴ



अन्तिम अरदास

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पिता जी **सरदार बन्ता सिंह जी** का स्वर्गवास दिनांक 28.6.2023 को हो गया था, उनकी आत्मा की शांति के लिये अखण्ड पाठ का **भोग/अंतिम अरदास** दिनांक 06.9.2023 दिन बुधवार को प्रात: 11 से 1 बजे श्री गुरूद्वारा श्री ननकाना साहिब, काशीपुर में होगी। कृपया अंतिम अरदास की प्रार्थना में शामिल हों।

शोकाकुल परिवार

पत्नी-सुरजीत कौर, पुत्र-गुरदीप सिंह, गुरमुख सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख)
गुरनाम सिंह गामा (चेयरमैन-रेडक्रॉस सोसाइटी)

fuokl% fQjkst ijQke] dk'khiqj ¼m/ke flag uxj½
ek- 9837777791] 8868888555

## कोरियर अपडेट करने के नाम पर खाते से उड़ाए एक लाख

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोरियर अपडेट करने के नाम पर ऑनलाइन लाखों रूपयों की धोखाधड़ी किए जाने का एक और हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात शख्स के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला गौतम नगर निवासी शंभू पांडे पुत्र केदार नाथ पांडे ने बताया कि बीते 6 जून को अपराह्न बाद लगभग 3:00 बजे उसके मोबाइल पर एक फोन आया। दूसरी ओर से फोन करने वाले ने बताया कि उसका कोई कोरियर आया है। यह कोरियर तभी मिलेगा जब कोरियर अपडेट किया जाए। शिकायतकर्ता जब कोरियर अपडेट करने के लिए सहमत हो गया तो दूसरी ओर से फोन करने वाले ने उसके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और उसे पर क्लिक करके 5 रुपए डालने की बात कही। शिकायतकर्ता नहीं पुलिस को बताया कि उसने लिंक क्लिक करके जैसे ही 5 रुपए डालें कुछ ही देर बाद बैंक अकाउंट से एक लाख कट जाने का मैसेज आ गया। बाद में ठगी का (शेष पृष्ठ सात पर)

### कटिंग मशीन बेचने के नाम पर 1.39 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑन लाईन कटिंग मशीन का सौदा कर एक व्यक्ति ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। आजिम खान पुत्र वाहिद खान निवासी वॉर्ड 18 खेड़ा ने कहा है कि वह एस के इण्टर प्राइजेज पर काम करता है। फर्म के प्रोपराइटर उसके भाई शाहिद खान हैं एवं फर्म का सारा लेन देन वह करता है। 26 जून को उसे पास एक विडियों कॉल आई एवं वीडियों कॉल करने वाले ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात करणों के चलते एक महिला ने अपने दो छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि गोल गेट नगला पंतनगर निवासी 36 वर्षीय रीतू (शेष पृष्ठ सात पर)

# विधायक शिव ने भरवाये बाईपास मार्ग के गड्ढे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने काशीपुर बाईपास रोड का भ्रमण किया उन्होंने विगत दिनों बरसात के कारण जगह जगह गड्ढे व उनके कारण जलभराव जैसी स्थिति को देखते हुए मौके पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को बुलवाया और गड्ढे भरवाने का कार्य शुरू करवाया। विधायक ने कहा उत्तराखंड में विगत काफी दिनों से बरसात हो रही थी जिस कारण कई सड़को की हालत खराब हो गयी। चूंकि बरसात में कार्य होना सम्भव नही था, इसलिए मौसम साफ होने के बाद गड्ढे भरने का काम शुरू हो गया है। विधायक अरोरा ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देशित किया है कि 15 सितम्बर के बाद पूरे प्रदेश में सड़कों गड्ढा मुक्त करने के अभियान शुरू किया जायेगा। जिसके तहत 15 सितम्बर के बाद पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली रुद्रपुर विधानसभा की एक एक सड़क को गड्ढामुक्त करने का कार्य तेज गति से किया जाएगा। एक व्हाट्सएप नम्बर जारी किया जायेगा और विधानसभा में कही भी गड्ढा होने की शिकायत को तत्काल संज्ञान लेते हुए उसको भरने का कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जायेगा। विधायक ने कहा काशीपुर बाईपास रोड जिसका उपयोग बहुत बडी आबादी करती है अभी एक बार इसके गड्ढे भरने का कार्य किया जायेगा लेकिन आने वाले समय मे पूर्व में प्रस्तावित काशीपुर बाईपास रोड का चौड़ीकरण कार्य मे आने वाले समय मे आरम्भ हो जाएगा जिससे काशीपुर बाईपास पर लगने वाली जाम की समस्या से आमजनमानस को राहत मिलेगी। इस दौरान पीडब्ल्यूडी से जेई बसेड़ा, जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, मण्डल उपाध्यक्ष मनोज मदान व अन्य लोग मौजूद रहे।



# रजिस्ट्रार ऑफिस फर्जीवाड़े में 100 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका

## ईडी ने एसआईटी से इस मामले में दर्ज मुकदमों का विवरण मांगा

देहरादून। रजिस्ट्रार ऑफिस में फर्जीवाड़े के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी सक्रिय हो गया है। ईडी ने एसआईटी से इस मामले में दर्ज सभी सात मुकदमों का विवरण मांगा है। बताया जा रहा है कि यह मामला 100 करोड़ रुपये से भी ऊपर का हो सकता है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग की भी आशंका है। जल्द ही ईडी इस प्रकरण में एक अलग मुकदमा दर्ज कर सकती है। गत 15 जुलाई को जिलाधिकारी सोनिका के निर्देश पर शहर कोतवाली में इस प्रकरण से संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया था। जालसाजों के एक गिरोह ने रजिस्ट्रार कार्यालय में रखी जिल्दों में छेड़छाड़ कर बैनामों में फर्जीवाड़ा किया था। शुरुआत में चार जमीनों से संबंधित दस्तावेज में छेड़छाड़ पाई गई, लेकिन बाद में जब जांच हुई तो 50 से अधिक बैनामों में इस तरह का फर्जीवाड़ा पाया गया। पुलिस ने जांच शुरू की और वरिष्ठ अधिवक्ता कमल विरमानी समेत नौ लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है। इस बीच पता चला है कि इस मामले की शुरुआत सहारनपुर में रखे रिकॉर्ड से हुई थी। वहां से ही रजिस्ट्री बनाकर देहरादून में भेजी गई थीं। इन्हें यहां के स्थानीय अधिवक्ताओं के माध्यम से रिकॉर्ड में चढ़वाकर दूसरे लोगों को बेचा गया। इसमें करोड़ों रुपये के वारे न्यारे हुए। अब तक पुलिस 20 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जीवाड़े का पता लगा चुकी है। यह एक अकेले अधिवक्ता इमरान के माध्यम से जालसाजी कर कमाए गए थे। इस मामले में शुरुआत में ही पुलिस की ओर से ईडी को पत्र लिखा गया था। इसके क्रम में ईडी ने भी अब जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच के लिए ईडी की ओर से पुलिस को एक पत्र लिखा गया है। इसमें अब तक दर्ज हुए सातों मुकदमों का ब्योरा मांगा गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक ईडी इसमें मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कार्रवाई करेगी। एसआईटी अब तक की कार्रवाई और गिरफ्तारी का ब्योरा ईडी को भेजने जा रही है। इस मामले में जल्द ही पुलिस की ओर सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने जा रही है। इसके तहत पुलिस गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) में कार्रवाई करेगी। इस धारा के अंतर्गत आरोपियों की अपराध करने के समय से लेकर गिरफ्तारी तक की संपत्तियों की जांच की जाती है। इसके बाद इसे प्रशासन के माध्यम से जब्त किया जाता है। मसलन, यदि इस अपराध की शुरुआत वर्ष 2019 में हुई तो इन आरोपियों की वर्ष 2019 से अब तक की सारी संपत्तियां जांच के दायरे में आएंगी।

# राजकीय इंटर कालेज के छात्रों को बांटी पाठ्य पुस्तकें

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। सॉई संस्कार फाउंडेशन और सोशियाल एक्सलेरेशन संस्था के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म के छात्रों को कालकाजी दिल्ली की सॉई संस्कार फाउंडेशन और सोशियाल एक्सलेरेशन संस्था के सह संस्थापक तुषार मदान ने वाटर बोतल व पाठ्य सामग्री वितरित की। संस्था की ओर से दी गई सामग्री हेतु संस्थाध्यक्ष बालमुकुंद तिवारी ने सॉई संस्कार फाउंडेशन और सोशियाल एक्स्लेरेशन के सह संस्थापक तुषार मदान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बांटी गई सामग्री छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय के शिक्षक नरेश बिनवाल ने साई संस्कार फाउंडेशन और सोशियाल एक्सलेरेशन के सह संस्थापक तुषार मदान सहित उपस्थित गणमान्य जनों का स्वागत किया। इस अवसर पर सतीश कुमार राणा, शंकर सुवन, डॉक्टर राजकमल सिंह, आनंद कुमार, श्रीमती शाहीन जहीर, बाबूलाल पटेल, देवी प्रसाद, विनोद कुमार, वीरपाल सिंह, रूद्र सिंह रावल, सुभाष चंद्र, हरि शंकर याज्ञिक, दिलीप सिंह राणा, राजेंद्र प्रसाद, रमेश चंद्र लोहनी, श्रीमती मंजू, सुशील कुमार उपाध्याय, महिपाल सिंह बर्गली, प्रकाश चंद्र भट्ट, जगदीश प्रसाद सिंतडीयाल, कैलाश चंद्र उनियाल, श्रीमती ललिता जोशी, ललित मोहन जोशी, श्रीमती चंपा देवली, प्रियंक नाथ शुक्ला, नरेंद्र सिंह धामी, रवि कुमार, रमेश चंद, दीपक सिंह बिष्ट, चंदन विश्वास, शंकर डाकुवा आदि मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक नरेश बिनवाल ने किया।



# कांग्रेस की मजबूती के लिए किया कार्यकारिणी का विस्तार

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। लोक सभा चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। कांग्रेस व यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों ने 15 गांवों में ग्रामीण कांग्रेस कमेटी का गठन किया। रविवार को कांग्रेस नेता आन सिंह रावत के आवास पर बैठक में लोक सभा चुनावों पर चर्चा हुई। बूथ स्तर तक मजबूत करने को जिम्मेदारियां सौंपी गई। यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान ने कहा कि कर्नाटक, हिमाचल सहित कई राज्यों में इलेक्शन मैनेजमेंट की टीम में काम किया है। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा बेशक यह विधानसभा उत्तराखंड की चुनौतीपूर्ण विधानसभाओं में से एक है। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने की। पूर्व दर्जाधारी किरण चंद्र मंडल, पूर्व प्रदेश सचिव नवतेज पाल, नरेंद्र आर्य, रेखा स्वर्णकार, सुकुमार चक्रवर्ती, विश्वजीत मिस्त्री, सूर्य प्रताप सिंह, श्रीकांत मिस्त्री रहे। यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बने मुकेश रावत: यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने नियुक्ति पत्र सौंपकर मुकेश रावत को यूथ कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। मुकेश रावत ने दोनों नेताओं का आभार जताया।



# छात्रों को संस्कृत भाषा का संरक्षण एवं प्रसार करते रहने का संकल्प कराया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह के समापन के अवसर पर मंगलाचरण एवं सरस्वती वंदना के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक्टर मोहन सिंह बिष्ट विधायक लालकुआँ ने कहा कि संस्कृत भाषा हमारे जीवन में संस्कारित राष्ट्रवादी विचारधारा तो बनाती है, साथ ही वर्तमान विश्व स्तर की उपलब्धि जैसे चन्द्रयान, आदित्य एल 1की सफलता इसी संस्कृत भाषा के विभिन्न ग्रंथों में वर्णित श्लोकों में समाहित ज्ञान विज्ञान की देन है। विद्यालय प्रबन्धक घनानंद जोशी ने छात्रों को संस्कृत भाषा में दक्षता प्राप्त कर उसके संरक्षण एवं प्रसार करते रहने का संकल्प कराया। डाक्टर गोपालदत्त त्रिपाठी, ज्योतिषाचार्य ने कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति की पोषक के साथ साथ सभ्यता की जननी है। जगदीश चन्द्र बेलवाल, मोहनगिरी गोस्वामी, प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम में विनोद, विपिन बहुगुणा, महेश चन्द्र बेलवाल, विजय भट्ट, कृष्ण चन्द्र बेलवाल, प्रकाश हर्बोला, कीर्ति चन्द्र कलौनी, डा. नारायण दत्त थुवाल, जानकी त्रिपाठी, दीप जोशी, कृष्ण चन्द्र, साकेत पाठक, रजनी बेलवाल, डा. चन्द्र प्रकाश, डा. जगदीश पाण्डे, मोहित जोशी के साथ हिमालय संगीत शोध समिति के छात्र भी उपस्थित रहे।



# विश्व फिजीयोथेरेपी सप्ताह का उत्तराखंड से हुआ आगाज

देहरादून (उद संवाददाता)।नव्य भारत फाउंडेशन (एनबीएफ भारत) एवं स्टूडेंट असोसिएशन ऑफ फिजीकल थैरेपी (एसएपीटी इंडिया) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रव्यापी जनजागरूकता अभियान विश्व फिजीयोथेरेपी सप्ताह 2023 के प्रथम दिवस के अवसर पर विशाल मेडिकल कैंप नव्य भारत चैरिटेबल फिजीयोथेरेपी सेंटर, बालावाला, देहरादून में मिशन चिरंजीवी भारत के अंतर्गत आम जनमानस के लिए निशुल्क चिकित्सा, डेंटल, आयुर्वेद एवं फिजीयोथेरेपी परामर्श कैंप आयोजित करवाया गया, जिसमें पीजीआई चंडीगढ के कुशल डाक्टर द्वारा निशुल्क उपचार किया गया। कैंप का उद्घाटन प्रसिद्ध युवा लोकगायक श्री सौरव मैठाणी जी की गरीमामयी उपस्थिति में हुआ।इस मौके पर सौरव मैठाणी ने नव्य भारत फाउंडेशन के इस राष्ट्र व्यापी जनजागरूकता अभियान की सराहना की ,कहा कि नव्य भारत फाउंडेशन समाज उत्थान के ऐतिहासिक कार्य कर रही है व मधुर संगीत सुनकर सब झूम उठे। इस मौके पर एनबीएफ एवं एसएपीटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक व पीजीआई चंडीगढ के फिजीयोथेरेपीसट डा० अनिरुद्ध उनियाल ने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान देवभूमि उत्तराखंड से शुरू होकर देश के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए 10 सितंबर को पीजीआई चंडीगढ में इसका समापन होगा जिसमें अन्य खेल प्रतियोगिता, रक्त दान, वर्कशाप आदि कई कार्यक्रम आयोजित होंगे और उन्होने बताया कि उनका संगठन राष्ट्र निर्माण के कार्य के लिए सदैव समर्पित रहेगा।इस मौके पर प्रसिद्ध एवं वरिष्ठ वैद्य डा० डी डी उनियाल जी व डा० सिन्धिया सकलानी रतूड़ी द्वारा आयुर्वेद का परामर्श किया गया। डा० आयुष काला ,शल्य दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा दंत रोग का परामर्श व डा० अनिरुद्ध उनियाल, फिजीयोथेरेपीसट पीजीआई चंडीगढ, डा० मोहन नौटियाल, पूर्व फिजीयोथेरेपीसट, अपोलो अस्पताल चंडीगढ, डा० साक्षी नेगी, फिजीयोथेरे पीसट एनबीएफ सेंटर, बालावाला देहरादून व उनकी टीम द्वारा फिजीयोथेरेपी का निशुल्क परामर्श किया गया।



# श्री गणेश महोत्सव के आयोजन के लिए कमेटी गठित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शिव कांवर सेवा संघ समिति के तत्वाधान में शक्तिफार्म बाजार के काली मंदिर में होने वाले 19 सितम्बर से 21 सितम्बर तक होने वाले तीन दिवसीय गणेश महोत्सव व विशाल भंडारे के सफल आयोजन करने के लिए कमेटी का गठन किया गया। विक्की मण्डल के अध्यक्षता में काली मंदिर प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया,जिसमे सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष,उत्तम मण्डल, उपाध्यक्ष,अनुप हालदार, सपन रॉय,हेमंत मण्डल कोषाध्यक्ष मिहिर मण्डल,सचिव रिपन बैरागी,महामंत्री रजत खान, उपसचिव नितिन जिन्दल पंडा,मीडिया प्रभारी सोहन भारद्वाज प्रचार मंत्री शंकर गुप्ता युवा कमेटी में अध्यक्ष सपन सरकार ,उपाध्यक्ष अमरजीत रॉय सचिव अंकित गर्ग उपसचिव उत्तम रॉय महामंत्री सुरेश सिंह प्रचारमंत्री भोलू शाह संगठन मंत्री विशाल सोनी संरक्षक सुनील विश्वास,राधाकृष्ण अग्रवाल,संजय बाछाड़ ,विश्वजीत हालदार,रविन्द्र अग्रवाल,समर देवनाथ,कानू सरकार, भीमु भण्डारी, गोविंद पोखरिया संचालक विक्की मण्डल मनोनीत किये गये। बैठक का संचालन विक्की मण्डल ने किया। इस मौके निरंजन हीरा,प्रदीप मण्डल,सोनू मण्डल,विनय अग्रवाल, चमनलाल,हितेश गुप्ता,सूरज देवनाथ, सुवीर मिस्त्री, मन्टा ,भूपेन विश्वास, नितीश कुमार,धीरज रॉय अभिजीत मण्डल,तुसार सरकार आदि मौजूद थे।

# गुरुद्वारा छेवी पातशाही में लगाया 62 फीट ऊंचा निशान साहिब

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा छेवी पातशाही में 62 फीट ऊंचा निशान साहिब लगाया गया। इस दौरान दर्जनों श्रद्धालु भाग लिया। नगर के तपेडा दहला रोड पर स्थित सिंह सभा के तत्वावधान में गुरुद्वारा छेवी पातशाही में 62 फीट ऊंचा निशान साहिब लगाया गया। निशान साहिब के चोला चढ़ाने के समय बोले सो निहाल सत श्री अकाल के धार्मिक उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब में माथा देखकर गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर खटीमा के ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी ,सिंह सभा के प्रधान ज्ञानी हरजीत सिंह, पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह, मनदीप सिंह, सतनाम सिंह, बलविंदर सिंह, फतेह सिंह। आदि श्रद्धालु मौजूद थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

## रामनगर में इस्कॉन आयोजित करेगा विशाल जन्माष्टमी महोत्सव

रामनगर(उद संवाददाता)।श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर रामनगर में भी इस्कॉन मंदिर की स्थानीय शाखा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर स्थानीय इस्कॉन मंदिर के प्रभारी मधुहा हरिदास ने बताया कि रामनगर में 7 सितंबर को कोसी रोड स्थित पायते वाली रामलीला परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर इस दिन भगवान कृष्ण एवं राधा जी का भव्य महा शृंगार करने के साथ ही वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा श्री हरि नाम संकीर्तन भी आयोजित किया जाएगा इसके बाद 56 भोग एवं भंडारे के दौरान प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से इस कार्यक्रम में भागीदारी करने की अपील की है।

## रम्पुरा का कन्हैया प्रतियोगिता कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रमपुरा में 'रम्पुरा का कन्हैया' प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता में 5 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकेंगे स उन्होंने कहा कि 5 सितंबर को शाम 6:30 बजे से श्री चुन्नीलाल मंदिर परमानंद आश्रम रमपुरा में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं प्रथम आने वाले बच्चे को चांदी का मुकुट पहनाकर केक काटा जाएगा, और उपस्थित सभी को प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में श्री कृष्ण राधा की सुंदर-सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी। श्रीमती शर्मा ने कहा है कि रमपुरा के 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते है । इधर श्रीमती शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव और जगदीश कलर लैब के एम डी जगदीश टंडन प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को पुरुष्कृत करेंगे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## विधायक बेहड़ के प्रति विकास शर्मा का बयान निन्दनीय: राय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी सदस्य परिमल राय ने भाजपा प्रदेश मन्त्री विकास शर्मा द्वारा पूर्व कैबिनेट मन्त्री किच्छा विधायक के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी की निन्दा करते हुए कहा कि विकास शर्मा द्वारा की गई बयान बाजी अशोभनीय है। जिसकी जितनी निन्दा की जाय यह कम है। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है एवं सभी को लोकतांत्रिक तरीके से जनहित के मुद्दो को लेकर अपनी बात को रखने का अधिकार है। उसी परिपेक्ष्य में गत दिनों किच्छा विधायक श्री बेहड़ द्वारा 30 दिनों से अधिक समय से बाजपुर के किसानों को जो कि 50 वर्षों से काबिज है एवं उनको सरकार द्वारा उजाड़े जाने का नोटिस दिये जाने से अनशन पर है। उन किसानों के समर्थन में कार्यकर्ताओ के साथ धरना देकर जिलाधि कारी के माध्यम से मुख्यमन्त्री को ज्ञापन प्रेषित किया था। परिमल ने कहा जनहित के



इस कार्य को लेकर भाजपा प्रदेश मन्त्री द्वारा श्री बेहड़ को नेतागिरी चमकाना जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह कथन विकास शर्मा पर सीधा लागू होता है क्योंकि श्री बेहड़ जनता द्वारा चुने हुये पाँच बार के विधायक है। श्री बेहड़ नेता तो है ही साथ में प्रदेश कांग्रेस के कद्दावर नेता है। बल्कि भाजपा मन्त्री श्री शर्मा की मंशा कुछ और है वे श्री बेहड़ के विरुद्ध अतर्गल बयानबाजी कर आगामी नगर निगम चुनाव में पार्टी फोरम में मेयर का टिकट पक्का करना चाहते हैं । वह दिखाना चाहते है कि बेहड़ के विरुद्ध बयान देने वाला ही दमदार प्रत्याशी बन सकता है। श्री राय ने कहा कि भाजपा पूरे देश में लोकतन्त्र को खत्म करने में तुली हुई है। उसी नक्शे कदम पर प्रदेश मन्त्री का बयान है। नहीं तो लोकतांत्रिक तरीके से बाजपुर के किसानों के पक्ष में समर्थन देकर धरना देने को लेकर इस तरह बयानबाजी नहीं करते। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार कोई किसी का लोकतान्त्रिक अधिकार का हनन नही कर सकता।

## अवैध खनन में एक और डंपर सीज

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान मानसून गश्त के तहत वन सुरक्षा दल ने सोलह टायरा डंपर को सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पुर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय बनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियत्रंण हेतु चलाये जा रहे अभियान तहत एक सूचना पर वन सुरक्षा दल की टीम ने किच्छा बरेली मार्ग पर यूपी 25 इटी 7742 वाहन को जांच के लिए रोका तो वाहन चालक मार्ग के किनारे वाहन खड़ा करके फरार हो गया। तलाशी लेने पर वाहन में अवैध रेता लदा पाया गया। टीम में दिनेश चन्द्र बुधलाकोटी वन दरोगा ,सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पाण्डेय वन आरक्षी, चन्दनं सिंह मौजूद थे।

## बाइक और स्कॉर्पियो की हुई भिड़ंत में युवक की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। शनिवार की देर रात रामनगर में स्थित नए बाईपास पुल के समीप एक स्कॉर्पियो और बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। बताया जाता है कि बाइक में तीन युवक सवार थे घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बाइक सवार तीनों घायल युवकों को 108 की मदद से उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाने के साथ ही घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के साथ ही जांच शुरू की। वही अस्पताल में घायलों का उपचार के बाद तीनों बाइक सवारों की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि दुर्घटना में घायल हुए मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी निवासी संजय कुमार बेदी की हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि अन्य दोनों घायलों का उपचार जारी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में दुर्घटना में शामिल स्कॉर्पियो कार को कब्जे में ले लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस मामले में घायल एवं मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## श्री कृष्ण रूकमणी विवाह की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 34वें दिन की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा की परमात्मा लक्ष्मी के स्वामी हैं और लक्ष्मी जीव मात्र की माता है, अत: जीव को तो लक्ष्मी के विवेकपूर्ण उपयोग का अधिकार है उपभोग का



नहीं, लक्ष्मी के उपभोग का अधिकार तो सिर्फ नारायण को ही है। पंडित जी द्वारा रुक्मणी श्रीकृष्ण विवाह की कथा का बड़े ही सुंदर शब्दों में वर्णन किया जिस पर भावविभोर होकर भक्तों ने कथा श्रवण की। प्रसाद की सेवा अनिल छाबड़ा, अशोक छाबड़ा एवं वेद छाबड़ा के परिवार द्वारा दी गई। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से चहलकदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस ने शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। पता चला है कि कोतवाली पुलिस रोजाना की भांति क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने जैतपुर घोसी रोड पर हॉट मिक्स प्लांट के समीप संदीप हालत में चहल कदमी करते हुए भट्टा कॉलोनी दोहरी वकील कुंडेश्वरी निवासी अनुज शर्मा पुत्र संजय शर्मा को दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया शख्स आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## भारतीय स्टेट बैंक ने स्कूल को बस भेंट की

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, हल्द्वानी द्वारा कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में योगदान हेतु दिग्विजय सिंह रावत, महाप्रबंधक (नेटवर्क- 2 दिल्ली मण्डल) के अध्यक्षता में बैंक द्वारा एक 32 सीट की स्कूल बस श्रीराम विधा मंदिर इंटर कालेज डोटियाल गाँव ताकूला जिला अल्मोड़ा के गणेश चन्द्र भट्ट, अध्यक्ष स्कूल प्रबंधन, को एक आयोजन के दौरान भेंट की गई। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, हल्द्वानी के प्रमुख फयाज अहमद वानी, उप महाप्रन्धक श्रीमती बबीता कुमार, क्षेत्रीय प्रबन्धक अल्मोड़ा एवं भारतीय स्टेट बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शुभम भट्ट ने वियतनाम में किया देश का प्रतिनिधित्व

नैनीताल (उद संवाददाता)।डीएसबी परिसर 79बटालियन एनसीसी आर्मी विंग के सीनियर अंडर ऑफिसर शुभम भट्ट ने वियतनाम में उत्तराखंड निदेशालय नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व 21 अगस्त से 30अगस्त 23 तक किया ।शुभम भट्ट ने गोकुल नेगी तथा शुभम सती के साथ कर्तव्य पथ पर 2023में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। शुभम भट्ट की इस उपलब्धि



पर मेजर हरीश बिष्ट , निदेशक प्रो एल एम जोशी ,निदेशक शोध प्रो ललित तिवारी , प्रो एल एस लोधियाल ,प्री नीता बोरा शर्मा सहित डॉक्टर विजय कुमार ,डॉक्टर रितेश साह ,डॉक्टर संतोष कुमार नए बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की है ।

# उन्नत तकनीक अपनाकर स्वावलंबी बन रहे किसान: प्रो सिंह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृषि क्षेत्र की आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराने एवं कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देन के लिए के लिए रर्बन एग्रीपेन्योर्स इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा 'उन्नत कृषि चौपाल' का आयोजन साकेत गेस्ट हॉउस माल एवेन्यू लखनऊ में किया गया। मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्व विद्यालय, बरेली के कुलपति प्रो. के. पी. सिंह ने कृषकों को तकनीकी एवं संसाधनों जैसे फसल उत्पादन, उत्पाद संरक्षण एवं बाजार व्यवस्था की प्रशिक्षण के साथ कृषि सम्बन्धित योजनाओं का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि जो किसान नई तकनीक से उन्नत खेती कर रहे वह परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ ही समाज को भी नई दिशा दे रहे हैं। उन्नत तकनीक अपनाएंगे तो घाटा फायदे में बदल जाएगा। जो किसान उन्नत तकनीक से खेती कर रहे हैं वे वह स्वावलंबी हैं। उन्हें कृषि में मुनाफा ही मुनाफा नजर आ रहा है। तकनीक को अपना कर खेती करें तो खेती मुनाफे का सौदा है। उच्च उत्पादकता के लिए कृषि फसलों की उन्नत किस्मों, उन्नत कृषि तकनीकों और प्रशिक्षण की आवश्यकता है । प्रो सिंह ने एग्रीप्रेनर्स के लिए विभिन्न स्टार्टअप अवसरों की बात करते हुए कहा कि एग्री-टेक स्टार्टअपस, फसल मॉनिटरिंग और नवाचारी समाधान के लिए आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस, खाद्य प्रसंस्करण स्टार्टअप्स, जैविक खेती स्टार्टअप, एग्री-इनपुट स्टार्टअप, एग्री-फाइनेंस स्टार्टअप्स, कृषि-शिक्षा प्रशिक्षण स्टार्टअप, कृषि-व्यापार मार्केटप्लेस स्टार्टअप की संभावनाएं को जन सामान्य तक ले जाने की बात कही। प्रतापगढ़ में चन्दन- हल्दी की उन्नत खेती करने वाले उत्कृष्ट पाण्डेय ने कहा कि कृषि समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को कृषक समुदाय में स्थानांतरित करना महत्वपूर्ण है । प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए प्रसार मॉडल विकसित करने की आवश्यकता है। उच्च उत्पादकता के लिए कृषि फसलों की उन्नत किस्म को अपनाना चाहिए । उन्नत कृषि तकनीक के लिए प्रशिक्षण और मिट्टी की जांच आवश्यक है । कृषि उद्यमियों के लिए आपार संभावना मौजूद हैं। कृषि-स्टार्टअप से ही किसानों को सशक्त बना



सकते हैं। आईपीएल बयोलोजीकल कंपनी के जनरल मैनेजर रवि सिंह भदौरिया ने किसनों की खेती में लागत कम करने और आय बढ़ाने के लिए जैविक- प्राकृतिक प्राक्रतिक खेती कि सलाह और हर संभव मदाद की बात कही जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सके । जैविक खाद, गोपालन, देसी बीज, पानी व मिट्टी के संरक्षण आदि विषयों पर प्रशिक्षण देने के लिए अपने आप को प्रस्तुत किया जिससे युवाओं को कृषि उद्यमिता का प्रशिक्षण दिया जा सके । डॉ सुधीर मालिक ने केले की उन्नत खेती और टिशु कल्चर के बारे में अपने विचार रखे और सब्जी अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं की जानकारी दी। आई पी एल बयोलोजीकल कंपनी के डेवलपमेंट हेड तरेंदर सिंह ने कहा अपनी कंपनी के उत्पादों कि जानकारी देते हुए कहा कि आज एक से बढ़कर एक उन्नत कृषि यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध हैं जिससे कृषि की सभी क्रियाएं बड़ी आसानी से कम समय में एवं कम लागत पर की जा सकती है परंतु सभी किसान भाइयों को सभी प्रमुख यंत्रों के बारे में यथोचित जानकारी नहीं हो पाती है । रैफ के निदेशक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ हरनाम सिंह ने उन्नत कृषि चौपाल का उद्देश्य बताते हुए युवाओं में कृषि स्टार्टअप जागरूकता की बात की। और कहा कि रैफ शोधकर्ताओं, इनोवेटर्स और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को एक प्लेटफोर्म पर लाकर कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप इनक्यूबेटीज, छोटे, सीमांत किसानों और कृषि से जुड़े हितधारकों की आजीविका में बृद्धि करने का प्रयास कर रहा है। उन्नत कृषि चौपाल कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने की ही एक विशिष्ट पहल है जिससे सस्टनेबल डेवलप्मेंट लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी । किसान एकीकृत कृषि प्रणाली यानी कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियों जैसे पशुपालन, मुर्गी पालन, वर्मीकम्पोस्ट के उत्पादन जैसी गतिविधियों को भी अपना रहे हैं। इससे लागत कम और मुनाफे में बढ़ोतरी हो रही है। चौपाल में डॉ अजय सिंह कुशवाहा, डॉ किरण लाता डंगवाल, डॉ संदीप बालियान, डॉ दिनेश यादव, डॉ सुनील यादव, डॉ संजय उपाध्याय, डॉ ऋतू जैन, डॉ मिताली तिवारी, डॉ रंजीत सिंह, डॉ निशांत कुमार, डॉ विश्वाश प्रताप बांगा, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ सुधीर मालिक, डॉ शिव कुमार, डॉ संजय गौतम, डॉ रमेश चंद्रा, डॉ प्रवीण जोशी, रवि जायसवाल, अर्पित जायसवाल, अभिषेक मिश्र एवं रैफ से जुड़े सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत कर किसानों की मदद कैसे की जाए इस पर सुझाव दिया। सभी ने किसान, ग्रामीण और वैज्ञानिक खेती-किसानी पर सामूहिक चर्चा करते हुए उन्नत तकनीक अपनाने की बात कही ।

# प्रतिरोध सभा में मांगों को लेकर गरजे श्रमिक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत इन्टरार्क मजदूर संगठन उधमसिंह नगर एवं किच्छा के नेतृत्व में मजदूर ,महिलाएं ,अन्य संगठनों व यूनियनों के साथी अंबेडकर पार्क रुद्रपुर में एकत्रित हुए और प्रतिरोध सभा की गई। प्रतिरोध सभा के पश्चात अंबेडकर पार्क से जिलाधिकारी आवास तक पदयात्रा निकाली गई। प्रतिरोध सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2022 में इन्टरार्क कंपनी के पीड़ित मजदूरों द्वारा जोरदार आंदोलन किया गया था। उस समय उधमसिंह नगर जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा उक्त औद्योगिक विवाद को हल करने के लिए अपरजिलाधिकारी नजूल एवं प्रशासन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में पुलिस अधीक्षक क्राइम एवं सहायक श्रमायुक्त सहित जिला स्तर के आला अधिकारियों को भी शामिल किया गया था। उक्त जिला स्तरीय कमेटी की मध्यस्थता में सभी 64 निलंबित मजदूरों की कार्यबहाली करने एवं वेतन वृद्धि आदि बिंदुओं पर 15 दिसंबर 2022 को लिखित रूप में त्रिपक्षीय समझौता संपन्न हुआ। जिसका इन्टरार्क कंपनी मालिक घोर उल्लंघन कर रहा है। और जिला प्रशासन को शर्मसार कर उसकी आम जनता के बीच फजीहत कर नीचा दिखा रहा है। इसी क्रम में इन्टरार्क कंपनी मालिक के इशारों पर प्रबंधन प्रतिनिधि द्वारा 29 अगस्त 2023 को श्रम भवन रुद्रपुर में हुई वार्ता के दौरान सहायक श्रमायुक्त के सम्मुख स्पष्ट कर दिया है कि इन्टरार्क कंपनी अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुए उक्त समझौते में अंकित बिंदुओं में दर्ज शर्तों को किसी भी कीमत पर लागू नहीं करेगी कि ले। जो कि जिला प्रशासन ,उत्तराखंड सरकार एवं उत्तराखंड राज्य के लिए एवं आम जनमानस के लिए अत्यंत शर्म एवं चिंता का बिषय है। कंपनी द्वारा बेखौफ होकर जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुए उक्त समझौते का उल्लंघन कर सिडकुल पंतनगर प्लांट से 5 श्रमिकों और किच्छा प्लांट से 6 श्रमिकों सहित के माध्यम से कुमाऊँ आयुक्त नैनीताल को ज्ञापन प्रेषित किया गया और मांग की गई कि तत्काल हस्तक्षेप कर जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुए उक्त त्रिपक्षीय लिखित समझौते को लागू कराकर सभी 11 बर्खास्त श्रमिकों सहित उक्त सभी 32 मजदूरों को उनके मूल नियोजक कंपनी सिडकुल पंतनगर व सामाजिक संगठनों संग मिलकर 21 सितंबर 2023 को तल्ली ताल डाँठ से कुमाऊँ आयुक्त के नैनीताल स्थित कार्यालय तक पदयात्रा निकालेंगे और प्रदर्शन कर न्याय की मांग करेंगे। सभा को इन्टरार्क मजदूर संगठन उधमसिंह नगर के अध्यक्ष दलजीत सिंह ,महामंत्री सौरभ कुमार ,इन्टरार्क मजदूर यूनियन के नगेन्द्र यादव,यजाकी वर्कर यूनियन के महावीर,थाई सुमित नील आटो कर्मकार, करोलिया लाइटिंग इम्प्लाइज यूनियन के हरेंद्र,हेमन्त भट्ट , यूनियन के राजकुमार, समाज सेवी सुब्रत कुमार विश्वास, लुकास टीवीएस मजदूर संघ महामंत्री बसंत गोस्वामी,व कार्यकारी अध्यक्ष हरीश





कंपनी मालिक द्वारा अपरजिलाधिकारी की मध्यस्थता में संपन्न हुए उक्त समझौता 15 दिसम्बर 2022 को लागू करने के स्थान पर समझौता कराने वाले अपरजिलाधिकारी ,पुलिस अधीक्षक एवं सहायक श्रमायुक्त महोदय को ही कटघरे में खड़ा कर चुनौती दी जा रही है और बेखौफ होकर एलान किया जा रहा है कि कंपनी जिला स्तरीय कमेटी की मध्यस्थता में हुए उक्त समझौते को लागू नहीं करेगी जिसे जो करना है कर कुल-11 श्रमिकों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है और अपरजिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए उक्त समझौते का चीरहरण कर तार तार कर दिया गया है। इन्टरार्क कंपनी मालिक द्वारा पूरी बेशर्मी के साथ में जिला प्रशासन की फजीहत कर जिला प्रशासन की साख को मटियामेट करने की इस साजिश व शर्मनाक कृत्य के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी उधमसिंह नगर एवं किच्छा में तत्काल कार्य पे बहाल कराया जाए और उक्त समझौते के तहत उक्त 32 मजदूरों सहित कंपनी में कार्यरत सभी मजदूरों की वेतनवृद्धि की जाये। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जिला प्रशासन द्वारा 20 सितंबर तक उक्त समझौते को लागू न कराया गया तो इन्टरार्क मजदूर संगठन उधमसिंह नगर एवं किच्छा से जुड़े हुए सभी मजदूर अपने परिवार की महिलाओं ,बच्चों एवं अन्य यूनियनों संगठन किच्छा के अध्यक्ष हृदेश कुमार एवं महामंत्री पान मुहम्मद ,इंकलाबी मजदूर केंद्र के सुरेंद्र सिंह , कैलाश भट्ट श्रमिक संयुक्त मोर्चा उधमसिंह नगर के अध्यक्ष श्री दिनेश तिवारी, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के श्री शिवदेव सिंह, मजदूर सहयोग केंद्र के विजय कुमार, पी.डी.पी.एल. मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चीलवाल, एडिएंट कर्मकार यूनियन के किशन सिंह, गंगा सिंह,बजाज मोटर कर्मकार अधिकारी, आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विशाल कुमार ,शिवनारायण मिश्रा ,भूपेंद्र पटेल ,रियाजुद्दीन ,सुशील पांडे, श्रीमती ललिता,श्रीमती पुनम देवी, श्रीमती जरीना बेगम, श्रीमती सोनी, श्रीमती सीता,संगीता, पूनम, लता देवी, शीला देवी, सुनीता, श्री राम, नकुल कुमार, दिपक विश्वास, शैलेंद्र पांडे ,लक्ष्मण सिंह आदि सहित महिलाओं एवं बाल सिपाही सैकड़ों की संख्या में शामिल थे।

# पूर्णाहुति के साथ वेदप्रचार व विश्वकल्याण यज्ञ का समापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आर्य समाज में चल रहे विश्व कल्याण यज्ञ की पूर्णाहुति एवं वेद प्रचार कार्यक्रम का समापन हुआ। पूर्णाहुति में लगभग 50 दंपतियों ने यजमान की भूमिका निभाई। विश्वकल्याण यज्ञ की पूर्णाहुति कराते हुए यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य चंद्र देव जी महाराज



ने सभी यजमानों को संकल्प कराया कि राष्ट्र धर्म का पालन करते हुए व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय उन्नति के साथ-साथ विश्व कल्याण की भावना यज्ञ से ही आती है। यज्ञ के उपरांत सभी यजमानों को ब्रह्मा जी ने आशीर्वाद दिया। तदुपरान्त पंडित मोहित शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण एवं उनकी जन्माष्टमी से संबंधित भजनों की प्रस्तुति दी। जिसमें चक्र सुदर्शनधारी ईगेश्वर श्री कृष्ण को सनातन धर्म का स्तंभ बताया। आचार्य चंद्रदेव जी महाराज ने अपने उपदेशों में कहा कि सनातन संस्कृति के स्तंभों में जहां एक ओर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का महत्व है वहीं अधर्म पर धर्म की विजय के मुख्य केंद्र बिंदु चक्र सुदर्शनधारी योगेश्वर भगवान कृष्ण का अत्यंत महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने नीति कौशल से धर्म का पक्ष ले रहे पांडवों की विजय कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज भी अधर्म पर धर्म की विजय के इस महासमर में भगवान श्री कृष्णा बहुत प्रासंगिक हैं। श्री राम और श्री कृष्ण जैसे देव कोटि के महापुरुषों को स्मरण करके ही हम रावण और कंस जैसी राक्षसी शक्तियों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। भारत में सनातन धर्म पर बड़ा खतरा इसलिए है क्योंकि सनातन धर्मी ही अपने धर्म के मर्म को भूल गए हैं, जिन विधर्मियों से हम खतरा समझते हैं वे विधर्मी तो अपने मतान्तर को बढ़ाने में लगे हैं ,जबकि सनातन धर्मी हिंदू आपसी जातिवाद और ऊंच-नीच में फंसा हुआ है। आर्य समाज इन सभी जाति बन्धनों को तोड़ने का कार्य करता रहा है। जाति विहीन समाज बनाने की योजनाओं में आर्य समाज ने डेढ़ सौ वर्ष के काल में बहुत विजय प्राप्त भी की है। इसी का परिणाम है कि आज जातिवाद की उतनी गहरी खाई नहीं है। लेकिन फिर भी जातिवाद का जहर किसी न किसी माध्यम से फैलाया जा रहा है। जिससे सचेत रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर नगर के कई महानुभावों ने आहुतियां भी दी और उपदेशों का श्रवण किया। पांच दिन तक चले इस कार्यक्रम के आयोजन में आर्य समाज के प्रधान डॉक्टर विनय विद्यालंकर , आर्यप्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के वरिष्ठ उप प्रधान डॉ. विनय खुल्लर , आर्यसमाज के मंत्री भूपेंद्र आर्य, कोषाध्यक्ष मुकेश खन्ना, महिला उपाध्यक्ष मनजीत वालिया, कार्यालय अधीक्षक राजकुमार राजोरिया, धर्माचार्य विनोद आर्य, ममता खुल्लर,संतोष भट्ट, अनुज कांत खंडेलवाल, कृष्णकांत, पीएल आर्य, हरिश्चंद्र पन्त, योगेश आर्य, मुनेश आर्य,पीयूष आर्य, कृष्णा आर्य आदि का योगदान रहा।

# सूरजमल कालेज में हुआ एनुअल फंक्शन वीक

किच्छा (उद संवाददाता)। सूरजमल अग्रवाल कोलेज ऑफ पैरामेडिकल एंड हेल्थ साइंस किच्छा मैं एनुअल फंक्शन वीक सेलिब्रेट किया गया। जिसमे एथलेटिक में 100 मीटर रेस, रिले रेस, थ्री लेग रेस, बैडमिंटन, इंडोर गेम, चेस, कैरम मेंहदी, इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया। कालेज के छात्र छात्राओं ने पैराडिनामिक मैं वर्किंग मॉडल बनाए जिनमे ऑप्टोमेट्री को प्रथम,



बीएमआरआईटी को दूसरा एवं बीएमएलटी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ ।इसके अलावा सांस्कृतिक भी हुआ, जिसमे बंगाली , पहाड़ी, क्लासिकल सिंगिन एवं डांस के साथ नाटक एवं कॉमेडी के प्रोग्राम भी हुए। कॉलेज के नए स्टूडेंट्स क्लब 'वाइब' को शपथ भी दिलाई गई। वाइब की नई प्रेसिडेंट जागृति रॉय ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रो के के जोशी एवं प्रिंसिपल पैरामेडिकल इमरान अहमद अंसारी ने किया। कार्यक्रम में एचओडी अलीना मलिक, मिली मंडल, दीक्षा उपाधाध्य, हुजैफा खानम, चित्रा कश्यप, नेहा रानी भी उपस्थित थी।

# राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने मचाई धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रान्त की प्रान्त स्तर की राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर के आतिथ्य में रुद्रपुर नगर निगम के सभागार में किया गया। प्रतियोगिता में 10 नगरों की टीमों ने भाग लिया और जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर रीजन स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर के महापौर रामपाल सिंह, परिषद के रीजनल सचिव (संस्कार) अजय विश्नोई, रीजनल संयुक्त महासचिव भगवान सहाय अग्रवाल, रीजनल सचिव (सेवा) अजय अग्रवाल, राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कमेटी सदस्य नरेन्द्र अरोरा, प्रांतीय अध्यक्ष आर के गुप्ता, महासचिव नरेश कंसल, कोषाध्यक्ष प्रियांशु बंसल, प्रांतीय समूहगान संयोजक संजय राधू द्वारा भारतमाता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। गायन क्रम के निर्धारण के पश्चात प्रतियोगिता के पहले भाग में सभी 10 टीमों ने हिंदी गीतों का गायन किया, रक्त शिराओं में राणा का, सबसे ऊंची विजय पताका तथा भारत मां की संताने जैसे







देशभक्ति गीतों का गायन सुनकर दर्शकों में भी उत्साह भर गया। मुख्य अतिथि नगर महापौर रामपाल सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियों तथा जनसमूह को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद की समूहगान प्रतियोगिता सहित सेवा एवं संस्कार के सभी कार्यों की प्रशंसा करते हुए सदैव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में टीमों द्वारा संस्कृत गीतों का गायन किया गया, देवी देहिनों बल, भारत भारतीयम नामामो वयम तथा मनसा सततम स्मरणीय गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायकों टनकपुर से आए डॉ पंकज उप्रेती, हल्द्वानी के हेमंत पंत तथा रुद्रपुर के भुवन भट्ट द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर की टीम ने प्रथम, ब्राइट स्टार्ट एकेडमी काशीपुर ने द्वितीय तथा के. वी. एम. पब्लिक स्कूल हल्द्वानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूहगान प्रतियोगिता के प्रांतीय संयोजक संजय राधू ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड (पूर्व) प्रान्त की 10 शाखाओं में आयोजित शाखा स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीमों ने आज इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। अन्य टीमों में काठगोदाम, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर, गदरपुर, बाजपुर, पन्तनगर की शाखाओं की टीमों ने सहभागिता की। विजेता टीम 4 नवम्बर को सितारगंज में होने वाली रीजन स्तर की प्रतियोगिता में उत्तराखंड (पूर्व) प्रांत की ओर से प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता का संचालन विवेकानन्द शाखा की महिला संयोजिका ज्योति सुखीजा, अंजू ग्रोवर, शिखा ग्रोवर तथा हिमानी शर्मा ने किया। विवेकानन्द शाखा अध्यक्ष संजय खेड़ा ने सभी प्रतिभागियों तथा अतिथियों का धन्यवाद प्रेषित करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की। शाखा सचिव हरीश ग्रोवर तथा कोषाध्यक्ष अक्षय गहलौत ने मुख्य अतिथि महापौर रामपाल सिंह का स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। प्रान्तीय महासचिव नरेश कंसल ने सभी का सहयोग के लिए प्रान्त की ओर से आभार प्रकट किया। सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पारुल गुप्ता, देवांशी अग्रवाल, स्नेहसंजय राधू, रीमा खेड़ा, अंजू सिंह, रुचि अग्रवाल, मेघा सिंघल, पलक जिन्दल, ज्योति कक्कड़, प्रीति गहलौत, मनोज अरोरा, दीपक अरोरा, अमित गोयल, राजकुमार सेतिया, सनी धवन, कीर्ति निधि शर्मा, विमल अरोरा, ललित मोहन कौशिक, अंकुर अग्रवाल, शीशपाल सिंह, विरेन्द्र सुखीजा, अभि अग्रवाल, मनीष मित्तल, मोहित जिन्दल, सौरभ अग्रवाल, डॉ पवन कक्कड़, शुभम अग्रवाल, हनीश ग्रोवर, अमन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अमित सिंघल आदि उपस्थित थे।

# देश विश्व गुरु बनने की राह पर: भट्ट

## बागेश्वर उप चुनाव में भाजपा होगी विजयी: गुंजन सुखीजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। मेरी माटी मेरा देश के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की राह पर है। रविवार को ग्राम सरदार नगर चक्की मोड स्थित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र के हर गांव और शहर से कलश में मिट्टी को एकत्र कर लाया गया था और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को सौपा। मिट्टी के कलश को यहां से जिले और फिर देहरादून भेजा जाएगा जहां से दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय भट्ट ने कहा आज देश चांद पर पहुंचने के बाद आदित्य एल वन भी सूरज की तरफ रवाना हो गया है। भाजपा काशीपुर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से जनता का विश्वास भाजपा के प्रति निरंतर बढ़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा किये जा रहे अनेक जनकल्याकारी विकास कार्यों की बदौलत बागेश्वर उपचुनाव में भाजपा भारी मतों से विजय प्राप्त करेगी। इस मौके पर मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा, अनिल जेटली,ग्राम प्रधान हर्षपाल बंटी,महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योतिराज अरोरा, गुलशन शर्मा,धर्मेंद्र डग,पूनम ग्रोवर,त्रिलोक सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।






# अनुपमा का उत्तराखंड फुटबॉल टीम में चयन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एमेनिटी स्कूल की सातवीं की छात्रा अनुपमा वाधवा का सब जूनियर कैटेगरी उत्तराखंड फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। वह 3 से 13 सितंबर तक अमृतसर में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। अनुपमा की बचपन से ही खेलों में रूचि रही है। उसे फुटबाल से विशेष लगाव रहा हैं। अनुपमा के पिता इंदर वाधवा ने बताया कि सुबह-शाम कड़ी मेहनत के बल पर उनकी बेटी ने इस टीम में जगह बनाई है। शहर के खेल प्रेमियों ने अनुपमा की इस सफलता पर अनुपमा को बधाई देते हुए टीम में विजयी होकर लौटने की शुभकामनाएं दी हैं।

## गुरुद्वारा सिंह सभा में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर 5 को

गदरपुर। केवीआर हॉस्पिटल काशीपुर द्वारा डॉ.तरुण सोलंकी के नेतृत्व में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर में 5 सितंबर प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है । डॉक्टर सोलंकी ने बताया कि शिविर में 5 सितंबर मंगलवार को प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक कूल्हे एवं घुटनों की समस्याओं के इलाज के लिए निशुल्क परामर्श दिया जाएगा।




# रम्पुरा में भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में रम्पुरा दुर्गा मन्दिर में चल रही भागवत कथा के प्रथम दिन वरिष्ठ समाजसेवी संजय ठुकराल ने राधा कृष्ण के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी संजय ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से लोगों का आपसी भाईचारा बढ़ता है और क्षेत्र का वातावरण भी शुद्ध होता है ऐसे कार्यक्रम निरंतर समाज में होते रहने चाहिए,जिससे मनुष्य के अंदर भक्ति भाव का बीच अंकुरित हो सके और वह परमपिता परमेश्वर को आसानी से प्राप्त कर सकें। ठुकराल ने कहा कि भागवत कथा धर्म और आधर्म,अच्छाई और बुराई के बारे में सीख देती है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक हिम्मतराम कोली,कथावाचक विपिन बिहारी,नत्थू लाल कोली,शैलेंद्र कोली,अजय सिंह, सूरजपाल कोली,ओम प्रकाश कोली, मुकेश कोली,पप्पू कोली माया देवी कोली, लक्ष्मी देवी कोली,सरोज रानी, मीना देवी,पार्वती कोली,रानी कोली,विद्या रानी,सुनीता कोली सीमा कोली,पिंकी कोली,रजनी कोली, भूरेलाल कोली, चंद्रपाल कोली, पृथ्वीराज, त्रिलोक कोली, आशु कोली, आशु त्रिवेदी,रामकिशोर कोली,राजेश कोली, रामप्रसाद कोली, बाबूराम कोली,भोरेलाल कोली,मुकेश कोली,कुंवरपाल कोली आदि उपस्थित थे।





उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'एक राष्ट्र-एक चुनाव'

केंद्र सरकार लंबे समय से चाहती रही है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मौकों पर दोहरा चुके हैं कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का विधान होना चाहिए। इसे लेकर निर्वाचन आयोग मंथन भी कर चुका है। विधि आयोग ने भी इस पर अपने विचार दिए हैं। अब लगता है कि यह व्यवस्था लागू करने की कोई सूरत बन सकेगी। इसके लिए केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर दी है। यह समिति किस तरह इस विचार को व्यावहारिक रूप दे पाती है, देखने की बात है।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर कराने से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ता है। सरकारी कर्मचारियों का काफी समय इनकी तैयारियों और इन्हें संपन्न कराने में जाया हो जाता है। ऐसे में सारे चुनाव एक साथ कराने से सार्वजनिक धन की काफी बचत होगी।असल मुश्किल संविधान संशोधन और आगे भी व्यवस्था बनाए रखने की है। हालांकि निर्वाचन आयोग बता चुका है कि इसके लिए उसे बड़ी संख्या में वोटिंग मशीनों और दूसरे उपकरणों की जरूरत पड़ेगी। मगर अलग-अलग चुनावों पर आने वाले खर्च की तुलना में इन संसाधनों को जुटाना कोई बड़ा काम नहीं माना जा सकता। असल मुश्किल संविधान संशोधन और फिर यह सुनिश्चित करने की है कि भविष्य में भी चुनाव एक साथ होते रहें। इसका क्या विधान होगा, यह एक जटिल काम है। आजादी के शुरुआती वर्षों में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही हुआ करते थे। मगर करीब बीस वर्षों बाद कुछ विधानसभाएं और फिर लोकसभा अपना तय कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई, जिसके चलते वह चक्र टूट गया और फिर टूटता ही गया। अब स्थिति यह है कि साल में कई चुनाव कराने पड़ते हैं। इस तरह चुनावों का मौसम कई बार साल भर बना रहता है। इससे राजनीतिक दलों के नेताओं को अपना काफी वक्त इसमें देना पड़ता है। निर्वाचन आयोग को भी पूरे समय अपना ध्यान कहीं न कहीं चुनाव की तैयारियों पर लगाए रखना पड़ता है। सुरक्षाबलों और सरकारी कर्मचारियों को अपने नियमित कामकाज छोड़ कर इनमें शामिल होना पड़ता है। चुनाव खर्च का बजट लगातार बढ़ता गया है। इस पर काबू पाना निश्चित रूप से अच्छा विचार है। मगर इसके लिए कई विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती और कई के कार्यकाल में विस्तार करना आसान नहीं होगा। जिन विधानसभाओं के चुनाव कुछ समय पहले ही हुए हैं और उनका कार्यकाल तीन साल से अधिक है, उन्हें यह फैसला स्वीकार्य नहीं होगा। फिर, यह संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन होगा। एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था लागू होने के बाद फिर भी यह सवाल बना रहेगा कि अगर आगे कभी लोकसभा या कोई विधानसभा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती, बीच में ही सरकार गिर जाती है, तो उस स्थिति में क्या होगा। ऐसे में मध्यावधि चुनाव के बजाय क्या तब तक वैकल्पिक व्यवस्था लागू रखी जाएगी, जब तक कि अगले चुनाव का समय नहीं आ जाता? ऐसा नियम बनाने से पूरी शासन-प्रणाली गड़बड़ा सकती है। इसलिए केंद्र सरकार की ताजा पहल पर विपक्षी दलों का कहना है कि अगर यह व्यवस्था लागू होती है, तो पूरा संघीय ढांचा ही खतरे में पड़ सकता है। इस महीने बुलाए गए संसद के विशेष सत्र में सरकार इसकी क्या रूपरेखा पेश करती है, सारी कवायद उसी पर निर्भर करेगी। पर यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि किसी भी रूप में इसका ढांचा अव्यावहारिक नहीं होना चाहिए।

# कांग्रेस के आंगन में बसंत खिला रहे हैं लोग : हरदा

## पूर्व सीएम ने कहा: भाजपा सरकारी मशीनरी और सत्ता का पूरी तरह दुरुपयोग करने में जुटी

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने रविवार को बागेश्वर उपचुनाव में प्रचार अभियान के अंतिम चरण के बाद हल्द्वानी में मीडिया से वार्ता की। हल्द्वानी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। अतिक्रमण के नाम पर पहाड़ के लोगों को उजाड़ने का आरोप लगाते हुए हरीश रावत ने कहा कि वन पंचायत के अधिकारों में भी वन विभाग द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है और हाईकोर्ट में सरकार लोगों का सही पक्ष भी नहीं रख पा रही है। पूर्व सीएम ने कहा कि यही वजह है कि अब लोगों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। हरीश रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अपील करते हुए तत्काल चिन्हीकरण रोकने की मांग की। उन्होंने कहा की लोगों को अतिक्रमण से राहत दिलाई जाए नहीं तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।बागेश्वर उपचुनाव में प्रचार कर लौटे हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस भारी अंतर से इस उपचुनाव को जीत रही है। भाजपा सरकारी मशीनरी और सत्ता का पूरी तरह दुरुपयोग करने में जुटी है। सरकारी गाड़ियों में शराब और पैसे बांटे जा रहे हैं। कांग्रेस




समर्थक ग्राम प्रधानों और कार्यकर्ताओं को डराया जा रहा है। लेकिन जनता बदलाव चाह रही है। सरकार के कामकाज से भारी एंटी इनकबेंसी है लिहाजा कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार भारी मतों से चुनाव जीत रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर जारीएक संदेश में उन्होंने कहा कि बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में भगवान बागनाथ का स्मरण कर अपने आखरी दौर का चुनावी संपर्क कर मैं अब देहरादून को प्रस्थान कर रहा हूं। तीन सार्थक चीजें कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दे रही हैं। बागेश्वर की जनता की परिवर्तन की चाह, बसंत कुमार कांग्रेस उम्मीदवार के प्रति लोगों का विश्वास, समर्थन और एक भविष्य के लिए दिशा दिखाई दे रही है, कांग्रेस एकजुट होकर के लड़ रही है। कार्यकर्ता, भाजपा के धनबल, सरकार बल, सारे बालों को धत्ता बता कर हर हाल में जीत हासिल करना चाहता है। इस बार गरूड़, कांग्रेस के पक्ष में बागेश्वर के साथ दृढ़ता से खड़ा है। जब भी सीधा मुकाबला हुआ है कांग्रेस बागेश्वर में जीती है। इस बार भी सीधा मुकाबला दिखाई दे रहा है, जो एक-दो विरोधी दल के उम्मीदवार हैं भी, तो वो और उनके समर्थक खुद ही शर्माए, शर्माए से दिखाई दे रहे हैं क्योंकि उनको लग रहा है कि लोग, हमको वोट कटुवा मान रहे हैं। बागेश्वर के लोगों को भी बहुत शुभकामना, आप 5 सितंबर को कांग्रेस के पक्ष में वोट डालकर न केवल भविष्य के लिए गणेश के ऊपर दुबा रख रहे हैं, बल्कि आप कांग्रेस के आंगन में ऐसा बसंत खिला रहे हैं जो आपके लिए आने वाले दिनों में लगातार खुशियां लाने का काम करेगा।

## बागेश्वर विस सीट पर कल होगा मतदान, सुरक्षाबल तैनात

बागेश्वर। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार का शोर रविवार शाम पांच बजे थम गया। वहीं अब पांच सितंबर को होने वाले मतदान के लिए जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया है। उपचुनाव में 118311 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 60028 पुरुष और 58283 महिला वोटर शामिल हैं। मतदान पांच सितंबर



को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि पांच सितंबर तक जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया है। बाहर की विधानसभा के वे लोग जो यहां के वोटर नहीं हैं उन्हें जिला छोड़ने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी लोग मतदान कर सकें इसके लिए मतदान तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। सोमवार को सभी 188 मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया जाएगा।

## कांग्रेस ,उपपा, उक्रांद और सपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर मांगे वोट

बागेश्वर। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में विकास कार्य ठप हो गए हैं। जनता महंगाई से परेशान है। यही कारण है कि बागेश्वर में जनता बदलाव का मन बना चुकी है। कौसानी में पार्टी प्रत्याशी बसंत कुमार के पक्ष में जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस के जिला प्रभारी महेंद्र सिंह लुंठी आदि ने गरुड़ क्षेत्र में जनसंपर्क किया। नेता प्रतिपक्ष और जिला प्रभारी ने कहा कि इस बार जनता भाजपा को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने समर्थकों के साथ कई



इलाकों का भ्रमण किया। वहीं उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी भगवत कोहली ने पार्टी नेताओं के साथ दफौट, बिलौना, हरीनगरी, बैजनाथ क्षेत्र में जनसंपर्क किया। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा ने राज्य गठन की मूलअवधारणा को समाप्त करने का काम किया है। जनता को इस बात को समझना चाहिए। उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव ने समर्थकों के साथ विभिन्न इलाकों में वोट मांगे। सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने समर्थकों के साथ काफलीगैर क्षेत्र का भ्रमण किया।

# परिजनों और सिपाही के उत्पीड़न से पीड़ित युवक ने वीडियो बनाकर की आत्महत्या

## आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज,पुलिसकर्मी लाईन हाजिर

विकासनगर(उद संवाददाता)। एक युवक ने मोबाइल पर वीडियो बनाने के बाद



शक्तिनहर में कूदकर अपनी जान दे दी। उनका एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है जिसमें खुद को पारिवारिक कलह के चलते सुसाईड करने के लिये अपने परिजनों के साथ ही एक पुलिसकर्मी का भी नाम लेकर कई गंभीर आरोप लगा रहा है। रविवार सायं सोशल मीडिया पर प्रसारित सनसनीखेज वीडियो से पुलिस प्रशासन कीसुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े हो रहे है। वीडियो में उसने अपने चाचा-चाची, भाई और एक पुलिसकर्मी द्वारा आत्महत्या के लिए मजबूर करने की बात कही है। साथ ही सिपाही पर 20 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया। कोतवाली में तैनात आरोपित सिपाही विकास त्यागी को लाइन हाजिर कर रिजर्व पुलिस लाइन से अटैच कर दिया गया। बीते दो सितंबर की शाम गुडरिच निवासी अजीत शक्तिनहर में कूद गया था। इससे पहले उसने मोबाइल पर एक वीडियो बनाया, जिसमें अजीत ने कहा कि चाचा-चाची उसे काफी परेशान करते हैं। उनसे आजिज आकर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया तो मौके पर आए विकासनगर कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मी ने भी चाचा-चाची का पक्ष लिया और उसे धमकाया। उसने भाई और दादी पर भी परेशान करने का आरोप लगाया। युवक ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उसके मरने के बाद बीवी-बच्चों को उनका हिस्सा दिया जाए। इसके बाद उसने वीडियो एक व्हाट्सएप ग्रुप पर अपलोड किया और शक्तिनहर में कूद गया। रविवार को पुलिस ने नहर में युवक की तलाश की तो ढकरानी पावर हाउस के इंटेक से उसका शव बरामद हुआ। विकासनगर कोतवाली में मृतक की पत्नी कोमल ने तहरीर दी। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया।

## विधानसभा अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, सत्र कल से

देहरादून(उद संवाददाता)। पांच सितंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के लिए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सदन की कार्यवाही का एजेंडा तय किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सोमवार को विधानसभा भवन में कार्यमंत्रणा के साथ सर्वदलीय बैठक बुलाई है। विधानसभा मानसून सत्र 5 से 8 सितंबर तक चलेगा। सत्र को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विधानसभा सचिवालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। चार दिवसीय सत्र में सरकार की ओर से अनुपूरक बजट, राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक समेत वार्षिक लेखा प्रत्यावेदन रिपोर्ट सदन पटल रखे जाएंगे। विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा मानसून सत्र को बेहतर ढंग से चलाने के लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। सोमवार को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में एजेंडा तय किया जाएगा। इसके अलावा, सर्वदलीय बैठक में सदन को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने पर सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा की जाएगी।

# जानिए श्री कृष्ण लीलाओं में निहित आध्यात्मिक संदेश

**श्री कृष्ण जन्माष्टमी विशेष**

उस युग का सर्वाधिक तमग्रस्त काल था वह। पापाचार चरम सीमा पर था। श्रीमद्भागवत के एक रूपक के अनुसार उस समय सहस्रों दैत्य राजाओं



का रूप धरकर पृथ्वी को आक्रान्त कर रहे थे। इनके दुर्दान्त अत्याचारों से पृथ्वी भयाक्रान्त थी। वे गौ रूप धारण कर करुण स्वर में रंभा रही थी। इस करुण क्रंदन को सृष्टि के पालनहार कैसे अनसुना कर सकते थे? अत: वे असीम परम सत्ता ससीम मानवीय चोले में सिमट कर इस धरा पर उतर आई। मानों अज्ञानरूप अंधकार को चीरता हुआ ज्ञान रूपी पूर्ण चन्द्रमा द्वापर युगीन नभ में उदित हुआ। यह अतिशुभ घड़ी थी, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी की अधरात्रि और यह अवतारी युगपुरुष थे- पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण। श्री कृष्ण, एक ऐसा अलौकिक व्यक्तित्व जिसे किसी एक परिभाषा से चित्रित ही नहीं किया जा सकता। ये ही तो हैं जिन्होंने संसार में एक ओर तो गोप-गोपिकाओं के माध्यम से प्रेम-भक्ति-विरह की सरस धारा प्रवाहित की, वहीं दूसरी ओर समस्त उपनिषदों को दुहकर गीता रूपी दुग्धामृत अर्जुन के निमित्त से सम्पूर्ण मानव जाति को दिया। माधुर्यपूर्ण प्रेम और धर्म सम्मत ज्ञान का अद्भुत सम्मिश्रण! यही श्री कृष्ण हैं। इस लीलाधर ने अपने अवतरण काल में अनेकानेक दिव्य लीलाएँ की। ब्रज की कुंज गलियाँ, कंस के अत्याचारों से त्रस्त मथुरा भूमि, कुरुक्षेत्र का महा समरांगण ख्र हर क्षेत्र में इनकी अलौकिक लीलाओं का प्रकाश जगमगाया। ये दिव्य क्रीड़ाएँ तत्समय तो सप्रयोजन थी हीं, आज युगोपरान्त भी हमारे लिए प्रेरणा दीप हैं। साधारण प्रतीत होते हुए भी असाधारण संदेशों की वाहक हैं। एक-एक लीला में गूढ़ आध्यात्मिक रहस्य संजोया व पिरोया हुआ है। जैसे ग्वालिनों की मटकियों से माखन चुराकर खाना। नन्दनन्दन माखन चोर की यह लीला अत्यंत सांकेतिक है। यह इशारा कर रही है कि संसार द्वैतात्मक है। इसमें माखन रूपी सार एवं छाछ रूपी असार दोनों ही विद्यमान हैं। माखन चुराकर प्रभु यही समझा रहे हैं कि संसार में परम सार तत्त्व अर्थात् ईश्वर का वरण करो, सारहीन माया का नहीं। बाल-लीलाओं की इस श्रृंखला में विषधर कालिया की मर्दन लीला को ही लें। यह बाललीला भी कुछ कम प्रतीकात्मक नहीं। यहाँ विषधर कालिया हमारे विषाक्त मन का प्रतीक है। उसके सहस्रों विषैले फन हमारे अंतस् में फुँफकारते अगणित विकारों, दुर्भावनाओं के द्योतक हैं। हमारे जीवन की यमुना भी इन वासनात्मक प्रवृत्तियों के कारण विषाक्त हो गई है। जीवन की मिठास लुप्त और शांति भंग होती जा रही है। श्री कृष्ण का यमुना के तल में उतरना प्रतीक है हमारे जीवन में एक पूर्ण गुरु के पदार्पण का। गुरु प्रदत्त ब्रह्मज्ञान द्वारा अंतस् में व्याप्त एक-एक विकार क्षीण होने लगता है। मन नथ जाता है। पूर्णतया विकार रहित एवं समर्पित हो, उस परम सत्ता के दिव्य नृत्य का उचित धरातल बन पाता है। महारास की दिव्य लीला भी अपने में गूढ़ आध्यात्मिक रहस्य को संजोए हुए है। रासलीला वह भावलीला है, जिसमें माया, दैहिक आकर्षण व श्रृंगार का कोई स्थान नहीं। देहाध्यास लेशमात्र भी नहीं। यह शरीर का नहीं, अपितु आत्मा का रसपूर्ण नृत्य है। इस दिव्य नर्तन में गोपियाँ आत्मा रूप थीं और श्री कृष्ण परमात्मा स्वरूप! यह प्रत्येक आत्मा का अपने स्रोत परमात्मा के संग आध्यात्मिक संयोग था। पदम्पुराण में वर्णन आता है कि त्रेता के जिन ऋषिगणों की इच्छा प्रभु राम के संग रहने की थी, वे सब ही द्वापर में गोप-गोपियाँ बन कर आए। ऋषि-आत्माएँ अर्थात् गोपियाँ जन्म-जन्मान्तरों से ब्रह्म रस की पिपासु थीं। और जैसा कि कहा भी गया है- वह ब्रह्म ही परम रस है। पारब्रह्म ने श्री कृष्ण रूप में महारास के माध्यम से इसी परम रस की गोपियों पर वृष्टि की। उनकी चिरकालीन आध्यात्मिक पिपासा को शान्त किया। समग्रत: भगवान श्री कृष्ण की समस्त लीलाएँ दिव्य एवं पारलौकिक हैं। उनका चरित्र अत्यंत उदात्त है। वे शुद्ध-बुद्ध-मुक्त-चौतन्य रूप हैं। उनको एवं उनकी लीलाओं में निहित गूढ़ार्थों को लौकिक बुद्धि द्वारा नहीं समझा जा सकता। ब्रह्मज्ञान ही उनको समझने की एक मात्र कुंजी है। एक ब्रह्मज्ञानी ही अन्तर्हृदय की गहराइयों में उतरकर इन लीलाओं के मर्म को समझ सकता है। इनसे प्रेरित होकर जीवन में परमानन्द का अनुभव कर सकता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के इस पावन पर्व पर सभी भागवत् प्रेमियों को दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का यही सन्देश है कि आप श्री कृष्ण कन्हैया की बाहरी झांकियों को देखने तक ही सीमित न रहें। उसका गुणगान मात्र बाहरी इंद्रियों से ही न सुनें। अपितु इस पर्व को सही मायनों में सार्थक करने हेतु इस अवतारी युगपुरुष को ब्रह्मज्ञान द्वारा तत्त्व से जानने की चेष्टा करें।

**गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी ( संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान )**

# बागेश्वर में भाजपा को जनता देगी प्रचंड जनादेश: धामी

## सीएम धामी ने कांग्रेस के खिलाफ किया सियासी प्रहार,भावुक हुई पार्वती दास

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के आखिरी दिन सीएम ने काफलीगैर के सिंदेश्वरी मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस के साठ साल के कार्यकाल में 55 साल एक परिवार का राज रहा। उस दौरान देश को मनमाने ढंग से चलाया गया जबकि भाजपा के नौ साल के कार्यकाल में देश ने आशा से भी अधिक तरक्की की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा भारतीय सेना के हाथ बांधे रखे। नरेंद्र मोदी की सरकार ने सेना को ऐसी खुली छूट दे रखी है कि आज भारतीय सेना गोली का जवाब गोले से दे रही है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय सेना इतनी सशक्त है कि पाकिस्तान में



घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक कर रही है। सीएम ने यह भी आरोप लगाया कि गरीबी हटाओ नारे के साथ देश में साठ साल राज करने वाली कांग्रेस ने इन साठ वर्षों में गरीबी नहीं बल्कि गरीबों को हटाने का काम किया। सीएम ने कहा कि चंदन राम दास काफलीगैर में डिग्री कॉलेज स्थापित करना चाहते थे। कठपुड़ियाछीना आईटीआई का नए ट्रेड के साथ संचालन करना चाहते थे। यह काम चुनाव आचार संहिता हटने के बाद धरातल पर आएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद अजय टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने भी सभा को संबोधित किया। वहीं भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास संबोधन के दौरान पति के विकास कार्य गिनाने लगीं तो भाउक होकर फफक कर रोने लगीं। सीएम पुष्कर सिंह धामी व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट उनके पास चलकर आए। उन्हें ढांढस बंधाया और उनकी कुर्सी तक पहुंचाया।







## बाबा बागनाथ और बैजनाथ मंदिर में सीएम धामी ने किया जलाभिषेक

बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बागेश्वर में गोमती और सरयू नदी के पवित्र तट पर स्थित पौराणिक श्री बागनाथ मंदिर, बागेश्वर में पूजा-अर्चना कर देवाधिदेव महादेव से प्रदेश की उन्नति एवं प्रगति हेतु कामना की। सीएम ने कहा कि कहा कि स्व. चंदन राम दास जी की प्राथमिकताओं में भगवान शिव की इस पावन स्थली बागेश्वर का विकास सदैव केंद्र में रहा। वे जब भी मुझसे मिलते थे तो क्षेत्र के शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आपूर्ति, धार्मिक क्षेत्रों के विकास एवं रोजगार से सम्बंधित विषयों पर गंभीरता से चर्चा करते थे। आज उनके अधूरे स्वप्नों की पूर्ति के लिए हम सभी ने श्रीमती पार्वती दास जी के हाथों में यह जिम्मेदारी सौंपी है और हमें पूर्ण विश्वास है कि बागेश्वर की देवतुल्य जनता लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सरल स्वभाव के धनी रहे बागेश्वर के सपूत चंदन जी के स्वप्नों की पूर्णता के लिए भाजपा को प्रचंड जनादेश देगी।

## पंजाब रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुलिस ने बाइक को टक्कर मारने के मामले मे पीड़ित शिकायत पर पंजाब रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घायल के भांजा कुसुम खेड़ा हल्द्वानी निवासी नवनीत भण्डारी पुत्र विक्रम सिंह भण्डारी ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि मेरे मामा राकेश सिंह स्व देवी सिंह जो आईटीवीपी लोहाघाट में कार्यरत हैं। वह अपनी बाइक यूके0 4 क्यू 3951 खटीमा की ओर से नानकमत्ता आ रहे थे। प्रतापपुर चौकी से कुछ ही दूरी पर हाईवे कट साहनी पौधशाला के समीप तेज गति से नानकमत्ता की ओर आ रही पंजाब रोडवेज की बस संख्या सीएचओआईजीए 9869के चालक ने ओवर टेक करने के प्रयास में बस ने बाइक के पीछे से टक्कर मार दी टक्कर लगने से राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया हाथ पैर सर पर चोट लगने से घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां गंभीर हालत के चलते घायल को हल्द्वानी कृष्णा अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 279, 338 पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चाकू की नोक पर पिकप चालक से हजारों रूपये लूटे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी बाईपास मार्ग पर तीन अज्ञात बदमाशों ने चाकू की नोक पर पिकप स्वामी से हजारों रुपए लूट लिए और मौके से भाग गए। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रपट में ग्राम ववपिाड़ धारी निवासी संतोष बेलवाल ने कहा है कि वह अपने ड्राइवर पान सिंह मेहता व ताऊ के लड़के लवकुश जोशी के साथ अपनी पिकअप में बैठकर मंडी से सीएमटी कॉलोनी की ओर जा रहे थे। रास्ते में होंडा शोरूम से थोड़ा आगे मंडी बाईपास रोड पर पिकअप रोककर शौच करने रुके थे। इसी बीच तीन अज्ञात युवक आये और चाकू दिखाकर उन्हें डराने धमकाने लग गए। इसी बीच उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसके पास रखे तीन हजार रुपये और मोबाइल उक्त युवक लूटकर भाग गए। एसएसआई विजय मेहता में बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि मंडी बाईपास रोड पिछले काफी समय से आपराधिक तत्वों का गढ़ बन गई है। यहां आए दिन न सिर्फ लूट की घटनाएं घटित हो रही हैं वरन अनेकों बार शव भी बरामद किए जा चुके हैं। परंतु पुलिस प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है।

## कोचिंग के बाहर से साइकिल चोरी

काशीपुर। कोचिंग इंस्टिट्यूट के बाहर से अज्ञात चोरों ने पत्र की साइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला सिंघान काशीपुर निवासी सचिन अग्रवाल पुत्र जयप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि मोहल्ला आवास विकास में शिव मंदिर के पास साईं इंस्टिट्यूट के नाम से उसका कोचिंग सेंटर है। बीते 25 अगस्त की शाम लगभग 4:00 बजे अज्ञात चोर द्वारा एक बच्चे की साइकिल कोचिंग के बाहर से उड़ा दी गई।

## चाकू के साथ बदमाश को किया गिरफ्तार

काशीपुर। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने एक युवक को शक्ति आधार पर तबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने डाकिया नंबर एक तिराहे से नूरपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए हरी नगर कुंडेश्वरी निवासी अक्षय उर्फ विकास पुत्र सूरजमल को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया युवक आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

## पेज एक का शेष...

**हादसों में दो की ...**पूरा परिवार बुजुर्ग की अचानक हादसे में मौत होने के कारण गमगीन है।उनके भतीजे ने मौके पर बताया कि टिहरी नंबर की यह स्विफ्ट कार जिस पर पीछे से पुलिस लिखा हुआ है, उसमें दो युवक सवार थे जो शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने बताया कि रात में पुलिस ने एक युवक को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि दूसरा युवक भागने में सफल रहा। दोनों युवक बड़ी ही चालाकी से कार से सारे कागज भी उठा कर ले गए। वहीं सेब से लदा पिकअप वाहन त्यूणी से विकासनगर की ओर आ रहा था कि तभी साहिया क्षेत्र अंतर्गत कोरूवा गांव के पास अनियंत्रित होकर दूसरी सड़क पर गिरा वाहन पलट गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई जबकि इस हादसे में एक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने उपचार के लिये हायर सेंटर के लिये रेफर किया गया है जबकि पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा है।

**बागेश्वर बदलेगा उत्तराखंड के ....** करता है।इस दृष्टि से बागेश्वर उपचुनाव में भाजपा की राह अपेक्षाकृत आसान दिख पड़ती है, लेकिन चुनाव प्रचार के आरंभिक दौर में पिछड़ने के बाद ,तमाम अंतर विरोधों एवं चुनौतियों से उबरते हुए मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी इस उप चुनाव में भाजपा के समक्ष एक सक्षम चुनौती प्रस्तुत की है। लिहाजा कांग्रेस की चुनौती को भी कम करके नहीं आंका जा सकता, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान स्थानीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से मतदाताओं के समक्ष रखा है। इसलिए बागेश्वर का मतदाता अगर मुद्दों के समर्थन में लामबंद हुआ तो, इस चुनाव में कांग्रेस एक बड़ा उलट फेर करते हुए उत्तराखंड के उपचुनावों की परंपरागत रवायत बदल सकती है। इसके अलावा बागेश्वर के मतदाताओं ने अगर चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों की शैक्षणिक योग्यता को ध्यान में रखकर मतदान किया तो इस मायने में भी कांग्रेस प्रत्याशी का पडला भारी रह सकता है, क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी ग्रेजुएट है और चुनाव लड़ रहे अन्य सभी उम्मीदवार शैक्षणिक योग्यता की दृष्टि से कांग्रेस प्रत्याशी से कमतर हैं। बहरहाल, बागेश्वर में चुनाव प्रचार का शोर अब थम चुका है। रैली और रोड शो के माध्यम से पांचों प्रत्याशी अपना दमखम दिखा चुके हैं। किसी भी प्रत्याशी ने अपनी तरफ से कोई कमी नहीं रख छोड़ी है। बावजूद इसके बागेश्वर में जीत हार का गणित काफी हद तक अब इस बात पर निर्भर करेगा, कि मतदान के पहले वाली रात को विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, उन मतदाताओं को किस हद तक साध पाते हैं, जो मतदान के ऐन पहले वाली रात जीत- हार का समीकरण बनाते -बिगड़ते हैं। कहने की जरूरत नहीं कि किसी भी चुनाव में प्राय: दो तरह का मतदाता मतदान में हिस्सा लेता है। एक वह, जो उम्मीदवार का नाम सामने आते ही मन बना लेता है कि अमुक उम्मीदवार को वोट करना है और दूसरा वह जो वेट एंड वॉच की पोजीशन में रहता है और चुनाव के ऐन पहले वाली रात को यह तय करता है कि किस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करना है। कदाचित यही कारण है कि मतदान वाले दिन के पहले वाली रात को 'कत्ल की रात' कहा जाता है। जाहिर है कि कत्ल की इस रात में जो जितना बड़ा कमाल करने में सफल रहेगा, उसकी उतनी बड़ी जीत होगी।


### नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 07 में क्रमांक 106 पर श्री जगदीश कुमार पुत्र राम भरोसे लाल का नाम अंकित है। जिसको इकरनामा बिक्री के आधार पर श्री विनोद कुमार वर्मा व अर्जुन वर्मा पुत्र श्री रात किशोर वर्मा निवासी वार्ड नं० 07 गदरपुर ने क्रय किया है। जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण करने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखो में श्री विनोद कुमार वर्मा व अर्जुन वर्मा पुत्र श्री रात किशोर वर्मा निवासी वार्ड नं0 07 गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद- मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद् गदरपुर, ऊधमसिंहनगर।


**चोरी के जेवरात सहित...**दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसआई अशोक कुमार ने चैकिंग के दौरान मटकोटा चौराहा पर संदिग्ध रूप से घूम रही एक महिला को रोक कर उससे पूछताछ की तो वह घबरा गई। उसने अपना नाम पता लक्ष्मी पत्नी दयाराम मूल निवासी ग्राम हाथीपुर थाना बिलारी मुरादाबाद हाल निवासी अम्बिका बिहार भूरारानी बताया। कोतवाल ने बताया शक होने पर जब उससे सख्ती से पूछा गया तो उसने बताया उसके पास चोरी के गहने हैं। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से पन्नी के अन्दर रखे एक जोड़ी कान के झुमके, एक जोडी कान की बाली, एक चेन, व एक चांदी की चेन बरामद की। उन्होंने बताया कि बरामद जेवर रूचि पाण्डेय के आवास से चोरी किये गये थे। जिसकी पहचान कर ली गई है। आवश्यक पूछताछ करने के बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़ी गयी महिला उसी घर तीन चार माह से काम कर रही थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई अशोक कुमार,हेम फुलारा, रघुनाथ, कृष्णा टम्टा, महिला कांस्टेबल शांति शामिल थे।

**महिला ने फांसी लगाकर...**उर्फ रीता पत्नी कैलाश सिंह नेगी अपने दो छोटे बच्चों के साथ रहती थी। गत देर सायं उसने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा ली। उसका शव फांसी पर लटका देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग भी वहां पर आ पहुंचे। मामले की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस कर्मी मौके पर आ गये और उन्होंने शव कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है।

**अलग अलग घटनाओं में ...** रविवार की सुबह लगभग 6:00 बजे ड्यूटी के दौरान अचानक बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों को जैसे ही इसका पता चला उनमें कोहराम मच गया। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। इसी तरह एक अन्य घटना में मजदूर टाइप युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। पता चला है कि पूरनपुर नादेही जयपुर निवासी गौरव सिंह 20 वर्ष पुत्र धीरेंद्र सिंह मेहनत मजदूरी किया करता है। पता चला है कि गय रविवार की शाम लगभग 8:00 बजे अज्ञात कारणों के चलते उसने घर की कमरे में खुद को बंद कर फांसी लगा ली। मृतक अविवाहित था। वह दो भाई एक बहन है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवारों में शोक व्याप्त है। पुलिस ने तीनों ही मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**भूमिधरी की मांग को लेकर...**कोई समाधान नही निकाला गया है। जिससे प्रदेश भर के किसानों, मजदूरों, व्यापारियों में भारी असंतोष है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यथाशीघ्र बजपुर के किसानों, मजदूरों, व्यापारियों को भूमिधरी अधिकार वापस नही किए गए तो संयुक्त किसान मोर्चा व्यापक अन्दोलन चलाने के लिए बाध्य होगा एवं हजारों ट्रैक्टरों के साथ बाजपुर में डेरा डाला जायेगा। इस दौरान हरजीत सिंह, तजिन्दर सिंह विर्क ,नरेश शर्मा, जसवीर सिंह उप्पल, हरभजन सिंह, गुरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, साहब सिंह, हीरा सिंह, अमृतपाल सिंहं, सुखवतं सिंह, श्रमिक संयुक्त मोर्चा सिडकुल के ललित मटियाली आदि मौजूद थे।

**कुमांऊ का लाल ...**को रोते बिलखते छोड़ गए हैं। वह स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत बतौर इलेक्ट्रिशियन सेना में भर्ती हुए थे। उनका पार्थिव शरीर सोमवार शाम तक उनके पैतृक गांव पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

**कटिंग मशीन बेचने के ...**बताया कि उसके पास एक कटिंग मशीन हैं जो बेचनी है। प्रिटिंग का काम करते हो तुम खरीद लो सस्ती दे दूगां। उसने विडियों कॉल पर मशीन का सौदा 1,50,000 रूपये में कर लिया। कॉल करने वाले ने एक नम्बर देकर कहा कि 7,000 रूपये डाल दो । मशीन भेजने की कार्यवाही कर रहा हूँ । आजिम का कहना है थोडी देर बाद उक्त व्यक्ति ने पुन: फोन किया और कहा कि मशीन का जीएसटी ज्यादा लग रहा हैं 21,000 रूपये गूगल पे करो। तब उसने 21,000 रूपये गूगल पे कर दिए। उक्त व्यक्ति द्वारा 2 दिनो में विभिन्न नम्बरों पर कुल 139,000 रूपये ले लिए। इसके उपरान्त अपना फोन बन्द कर लिया। उक्त व्यक्ति द्वारा उससे 1,39,000 रूपये ठग लिए । पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कोरियर अपडेट करने के ...**अहसास होने पर शिकायतकर्ता ने रकम वापसी के लिए बहुत जददोजहेद किया लेकिन ठगी गई रकम वापस नहीं हो सकी। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी की धाराओं में अज्ञात शख्स के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा   एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा   समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धामी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए गंभीर:जोशी

बाजपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बाजपुर में मधुवन स्वायत्त सहकारिता एवं प्रधानमंत्री वन धन विकास केन्द्र में मसाला प्रसंस्करण इकाई और मधुवन कलस्टर कार्यालय का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भूमि वन धन विकास केंद्र जनजाति समूह की महिलाओं का एक कलेक्टर है, जिसमें 308 महिलाएं जुड़ी है। उन्होंने कहा प्रदेश में 61 हजार समूह संचालित है, जिसमे 4 लाख से अधिक बहने जुड़ी समूह से जुड़ी हुई है। मंत्री ने कहा पीकेवीवाई के तहत प्रदेश के अनेकों स्थानों पर स्टाल खोले गए है। मंत्री ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षाबंधन पर 'मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना' की शुरुवात की है। जिसके अंतर्गत प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों व एकल उद्यमी बहनों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों का बृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कर रही है। जिसके परिणाम स्वरूप बहनों ने रु. 50 लाख से अधिक के उत्पादों की बिक्री की है। मंत्री ने कहा धामी सरकार अपनी महिला हितैषी नीतियों के द्वारा महिला सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने अल्ट्रा पुअर के तहत चयनित महिलाओं को सहायता राशि के चेक भी वितरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जिला प्रभारी सुरेश चंद भट्ट, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला परियोजना प्रबंधक सुरेश चंद्र, सहायक प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव, सुरेश चंद पंत, उमा जोशी, सुनील उचाकोटी, रिजवान अली, सुनील कुमार सहित समूह की महिलाएं उपस्थित रही।





# जाते जाते दो आंखों को रोशनी दे गए इंद्रपाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उत्तरांचल दर्पण के छायाकर कमल राजपाल के बड़े भाई 66 वर्षीय इंद्रपाल राजपाल का गत दिवस लंबी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन के पश्चात परिजनों द्वारा इन्द्रपाल की मृत्यु पूर्व इच्छानुसार उनके नेत्रदान करने के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के प्रबंधन से संपर्क किया गया। इसके कुछ समय पश्चात चिकित्सालय से एक चिकित्सकीय टीम चेयरमैन डा. जीएस तितियाल के नेतृत्व में डा. अजय, डा. रचित, गोविंद पाण्डेय व हरगोबिंद सिंह पत्रकार कमल राजपाल के समता आश्रम गली स्थित आवास पहुंची। जहां उसके द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरा करते हुए परिजनों का जनहित में किए गए इस कार्य का आभार व्यक्त किया। कमल राजपाल ने बताया कि उठावनी संस्कार दिनांक 5 सितंबर दिन मंगलवार को श्री दुर्गा मंदिर, विष्णुपुरी गली नंबर 10, बरेली रोड़ में दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक का रखा गया है। स्वर्गीय इंद्रपाल धार्मिक विचारों के थे। पिछले कई दशकों से वैष्णो देवी माता के दरबार में अपनी हाजिरी लगाते थे। वहीं गरीब लोगों की मदद करने से भी कभी पीछे नहीं हटे।आज रात्रि 8 से 9 बजे तक उनके निवास स्थान समता आश्रम गली में समता सत्संग आश्रम के अनुयाई द्वारा सत्संग किया जायेगा। कई सामाजिक संगठनों ने इंद्रपाल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया।



# कार से बीयर का जखीरा बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक कार से 35 पेटियों में भरी बीयर बोतलों का जखरीरा बरामद कर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम में शामिल उनि मनोज कुमार प्रभारी चौकी खेड़ा गौलापार, उनि फिरोज आलम प्रभारी चौकी मल्ला थाना काठगोदाम, कानि. चन्दर सामंत, सुरेन्द्र सिंह व महेश बृजवाल को गोलापुल के पास वाहन चौकिंग के दौरान एक ईनोवा कार संख्या यूके 06 पी 6600 बनभूलपुरा की तरफ से गौलापार की तरफ आती दिखी। जिसको टीम ने हाथ देकर रोका तो वह नहीं रुकी। कार के शीशे काले होने व हाथ देकर न रोकने पर शक होने पर पुलिस कर्मियों द्वारा अपने निजी वाहन से कार का पीछा किया। जिसे कुंवरपुर तिराहे पर ब्रेकर पर गाड़ी के धीरे होने पर घेरकर रोका तो कार का चालक गाड़ी से उतरकर भागने लगा। जिसे पुलिस कर्मियों ने पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पता हामिद हुसैन पुत्र अब्दुल राशिद निवासी आजादनगर बनभूलपुरा बताया।तलाशी लेने पर वाहन में कुल 35 गत्तों की पेटियाँ बरामद हुई। सभी पेटियों से कुल 460 बीयर की बोतलें बरामद की गई। आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस ने बीयर की पेटियां कब्जे में लेकर कार को सीज कर दिया और नशा तस्कर हमीद को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



# रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हरिद्वार में आयोजित इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में दिनेशपुर के मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल की टीम ने परचम लहराया है। रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल दिनेशपुर के विवेक कांडपाल ने गोल्ड मेडल, अभिषेक सिंह बोरा, अर्जित सरकार ,यशवर्धन राणा ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर अनमोल विज ने विजयी छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं बाकी छात्र-छात्राओं को भी इन छात्रों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए कहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन से डायरेक्टर अनमोल विज, डायरेक्टर श्रीमती प्रियंका विज,डायरेक्टर मनीष अरोड़ा, प्रबंधक राजेंद्र गोस्वामी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।



